पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

राजभवन की क्रिकेट टीम ने की जीत हासिल

लखनऊः 25 फरवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा से आज राजभवन में वायुसेना स्टेशन मैमोरा तथा राजभवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। रोमांच से भरे इस मैच में राजभवन की टीम विजेता रही। 12—12 ओवर के मैच में राजभवन की टीम ने टॉस जीता तथा फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने आई वायुसेना की टीम ने कप्तान सचिन की लीडरशिप में 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाये। जिसके जबाब में राजभवन की टीम ने 49 रनों के लक्ष्य को पूरा करते हुए 11वें ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर ही जीत हासिल कर ली। जहाँ एक ओर राजभवन टीम के कप्तान तथा विकेट कीपर अशोक देसाई ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बेस्ट फील्डर का खिताब अपने नाम किया, वहीं प्रभाकर पाण्डेय सर्वाधिक 3 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर तथा मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं दूसरी ओर राजभवन की तरफ से वरूण कुमार ने सर्वाधिक नाबाद 32 रन बनाया। सभी खिलाड़ियों ने मैच में पूरे उत्साह तथा जोश के साथ अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने का प्रयास किया। उत्साह एवं रोमांच से भरे मैच में खेल

मैनेजर और कमेंटेटर जमाल सिद्धीकी तथा नीरज कुमार की कमेंट्री ने खिलाड़ियों के जोश को और अधिक बढ़ाने का काम किया।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि खेल तथा स्वास्थ्य कैसे एक दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं, का महत्व जन–सामान्य तक पहुँचाने के लिए तथा लोगों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा से राजभवन के प्रांगड़ में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। जिसका लाभ यहाँ के बच्चों को भी मिलता है। माननीय राज्यपाल जी का मानना है कि बच्चों के सर्वांगीड़ विकास के लिए उनको खेल जगत से जोड़ना बहुत ही जरूरी है।

इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, श्रीमती गीता देसाई, मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अजय त्रिपाठी सहित राजभवन के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

————————

डा0 संगीता चौधरी
अनुवादक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9161668080